Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा - 11

व्यवसाय अध्ययन

व्यवसाय के आधार - 1

अध्याय-5
व्यवसाय की उभरती पद्धतियाँ

भाग - 6

ई-व्यवसाय प्रक्रिया

रूचिका सैनी

Under CSR Support by
ipca | Foundation

विवरण (Overview)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




1. ई-व्यवसाय
2. ई-व्यवसाय का कार्यक्षेत्र
3. ई-व्यवसाय के लाभ
4. ई-व्यवसाय की सीमाएँ
5. पारंपरिक व्यवसाय एवं ई-व्यवसाय में अंतर
6. ई-व्यवसाय प्रक्रिया
7. ई-लेनदेनों की सुरक्षा एवं बचाव

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ऑनलाइन लेन-देन



ऑनलाइन लेन-देन

ऑनलाइन लेन-देनों में तीन अवस्थाओं की कल्पना कर सकते है।

- पहली - क्रय-पूर्व/विक्रय अवस्था जिसमें प्रचार एवं सूचना जानकारी शामिल हैं।
- दूसरी - क्रय/विक्रय अवस्था जिसमें मूल्य मोलभाव, क्रय/विक्रय लेन-देन को अंतिम रूप देना और भुगतान इत्यादि शामिल होते हैं।
- तीसरी - सुपुर्दगी अवस्था है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



I पंजीकरण

- ऑनलाइन खरीददारी से पूर्व व्यक्ति को एक पंजीकरण फार्म भरकर ऑनलाइन विक्रेता के पास पंजीकरण करवाना पड़ता है।
- पंजीकरण का अर्थ है कि आपका ऑनलाइन विक्रेता के पास एक खाता है। संकेत शब्द (पासवर्ड) आपके खाते के उपखंडों से संबंधित अन्य विभिन्न विवरणों में से एक है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- जिन्हें आपको भरना पड़ता है, और 'शॉपिंग कार्ट' आपके संकेत शब्द के सुरक्षक होते हैं।
- अन्यथा कोई भी आपके नाम का प्रयोग कर आपके नाम पर खरीददारी कर सकता है।
- यह स्थिति आपको संकट में डाल सकती है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



II आदेश प्रेषित करना

- 'शॉपिंग कार्ट' (खरीददारी गाड़ी/ट्रॉली) में आप किसी भी वस्तु को चुन सकते हैं और छोड़ भी सकते हैं।
- 'शॉपिंग कार्ट' उन सबका ऑनलाइन अभिलेख होता है जिनको आपने ऑनलाइन भंडार (स्टोर) पर ढूँढते समय चुना होगा।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- जिस प्रकार वास्तविक भंडार (स्टोर) में आप अपनी गाड़ी/ट्रॉली में वस्तुएँ रख सकते हैं और फिर उससे निकालकर ले जा सकते हैं।
- यह सुनिश्चित करने के बाद कि आप क्या खरीदना चाहते हैं, आप बाहर निकलकर अपने भुगतान विकल्पों को चुन सकते हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



III भुगतान तंत्र

ऑनलाइन खरीददारी के माध्यम से किए गए क्रयों का भुगतान अनेक विधियों से किया जा सकता है-

1. **सुपुर्दगी के समय नकद :** ऑनलाइन आदेशित वस्तुओं के लिए नकद में भुगतान वस्तुओं की भौतिक सुपुर्दगी के समय किया जाता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

चेक : ऑनलाइन विक्रेता ग्राहक के पास से चेक उठाने का बंदोबस्त कर सकता है। वस्तु की सुपुर्दगी चेक की वसूली के बाद की जा सकती है।

नेट बैंकिंग हस्तांतरण : आधुनिक बैंक अपने ग्राहकों को इंटरनेट पर कोषों के इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करते हैं।

- आई.एम.पी.एस. (IMPS)
- एन.ई.एफ.टी. (NEFT)
- आर.टी.जी.एस. (RTGS)

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




इस स्थिति में क्रेता लेन-देन की एक निश्चित मूल्य राशि ऑनलाइन विक्रेता के खाते में हस्तांतरित कर सकता है, जोकि इसके बाद वस्तुओं की सुपुर्दगी का प्रबंध करता है।

क्रेडिट और डेबिट कार्ड : 'प्लास्टिक मुद्रा' के रूप में विख्यात ये कार्ड ऑनलाइन लेन-देनों में सर्वाधिक प्रयुक्त माध्यम हैं। 95 प्रतिशत ऑनलाइन लेन-देन इनके द्वारा ही कार्यान्वित होते हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




क्रेडिट कार्ड अपने धारक को उधार खरीद की सुविधा प्रदान करते हैं, कार्ड धारक पर बकाया राशि कार्ड जारीकर्ता बैंक अपने ऊपर ले लेता है और बाद में लेन-देन में प्रयुक्त इस राशि को विक्रेता के 'जमा' में हस्तांतरित कर देता है।

क्रेता का खाता भी इस राशि से 'नाम' कर दिया जाता है जोकि अक्सर इसे किश्तों में एवं अपनी सुविधानुसार जमा कराने की स्वतंत्रता का आनंद उठाता है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation


missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



डेबिट कार्ड धारक को उस सीमा तक खरीददारी करने की अनुमति प्रदान करता है, जिस राशि तक उसके खाते में धनराशि उपलब्ध होती है। जिस क्षण कोई लेन-देन किया जाता है, भुगतान के लिए बकाया राशि इलेक्ट्रॉनिक तरीके से उसके कार्ड से घट जाती है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



क्रेडिट कार्ड को भुगतान के तरीके के रूप में स्वीकारने के लिए, विक्रेता को पहले उसके ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड संबंधित सूचना प्राप्त करने के सुरक्षित साधनों की आवश्यकता होती है। क्रेडिट कार्ड द्वारा भुगतान का प्रसंस्करण या तो हस्तचल या फिर ऑनलाइन प्राधिकृत प्रणाली द्वारा किया जा सकता है, जैसे कि एस.एस.एल. प्रमाणपत्र।

SSL

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




अंकीय (डिजिटल) नकद : यह इलेक्ट्रॉनिक मुद्रा का एक रूप है जिसका अस्तित्व केवल साइबर स्थान (स्पेस) में ही होता है। इस तरह की मुद्रा के कोई वास्तविक भौतिक गुण नहीं होते हैं, परंतु यह वास्तविक मुद्रा को इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत करने में सक्षम होती है।

बैंक में इस राशि का भुगतान (चेक, ड्रॉफ्ट, इत्यादि द्वारा) करना होगा, जोकि उस अंकीय नकद के समतुल्य होगी।

Under CSR Support by
ipca | Foundation


missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



जिसे आप अपने पक्ष में जारी करवाना चाहते हों। इसके बाद ई-नकद में लेन-देन करने वाला बैंक आपको एक विशेष सॉफ़्टवेयर भेजेगा। (जिसे आप अपनी कंप्यूटर हार्ड डिस्क पर उतार सकते हैं) बैंक में स्थित अपने खाते से अंकीय नकद निकासी की अनुमति प्रदान करेगा। तब आप अंकीय कोषों का प्रयोग वेबसाइट पर क्रय करने में कर सकते हैं।

इस तरह की भुगतान प्रणाली द्वारा इंटरनेट पर क्रेडिट कार्ड संख्याओं के प्रयोग संबंधी सुरक्षा समस्याओं के दूर करने की आशा की जा सकती है।





ई-व्यवसाय प्रक्रिया



1 ऑनलाईन लेन-देनों की तीन अवस्थाएँ कौनसी है–

- अ क्रय पूर्व / विक्रय अवस्था
- ब क्रय-विक्रय अवस्था
- स सुपुर्दगी अवस्था
- द उपर्युक्त सभी



2 ऑनलाईन खरीददारी के लिए क्या संकेत शब्द प्रयुक्त करते है?

अ पासपोर्ट

ब पासबुक

स पासवर्ड (स)

द वायरस

मूल्यांकन (Assessment)



3 ऑनलाईन खरीददारी में भुगतान किया जाता है।

अ नकद सुपुर्दगी

ब नेट बैंकिंग हस्तानान्तरण

स चेक

द उपर्युक्त सभी